संचार मंत्रालय क राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, हां।

(ख) कल्याण तथा डोम्बीवली शहरों को महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड बंबई के कार्यकाल के अन्तर्गत शामिल करने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों (व्यापार तथा उद्योग, राजनीतिक संगठनों आदि) से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ग) मांगों पर विचार करने के बाद यह पाया गया है कि कल्याण तथा डोम्बीवली शहरों को बंबई टेलीफोन प्रणाली के मौजूदा क्षेत्र में शामिल करना व्यवहार्य नहीं है।

बिहार में टेलीफोन के बकाया बिल

855. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार बिहार के मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों पर टेलीफोन बिलों की बकाया धनराशि कितनी-कितनी है ;

(ख) क्या इस धन राशि की वसूली के लिए संचार विभाग ने कोई कड़ा कदम उठाया है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 31 जनवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार बिहार के मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की ओर टेलीफोन बिलों की बकाया कुल रकम 1351 लाख रुपए है।

(ख) जी हां, बिहार के मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की ओर टेलीफोन बिलों की बकाया रकम को वसूल करने के लिए दूरसंचार विभाग ने विभिन्न उपाय किए हैं।

(ग) दूरसंचार विभाग द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा इस प्रकार से है :–

(i) टेलीफोन पर स्मरण कराया है और रजिस्टर्ड नोटिस जारी किए गए हैं।

(ii) राजपत्रित अधिकारियों को बिलों की प्रतिलिपि देकर संबंधित व्यक्तियों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

(iii) बड़ी संख्या में टेलीफोन कनेक्शन काटे गए थे। तथापि, राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर उनमें से कुछ को पुनः चालू कर दिया गया था।

(iv) माननीय संचार राज्य मंत्री और मुख्य महाप्रबंधक (दूरसंचार) बिहार सर्किल पटना की ओर से क्रमशः बिहार के माननीय मुख्य मंत्री और मुख्य सचिव को अर्धसरकारी पत्र भेजे गए हैं, जिनमें संदेय राशियों के भुगतान के बारे में शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया गया है।

इलेक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्रों में स्थानीय टेलीफोन कालों की गणना

856. **श्री प्रमोद महाजन** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बड़े शहरों में स्थित इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्रों में स्थानीय कालों के लिए पांच मिनट के समय की गणना करने संबंधी प्रक्रिया के बारे में ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि स्थानीय कालों के बिलों के बारे में काफी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो ये शिकायतें किस किस्म की हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) प्रथम मीटरिंग उस समय शुरू होती है जब काल किए गए उपभोक्ता द्वारा उत्तर दिया जाता है। इसके बाद आगे की मीटरिंग 5 मिनट के अंतरालों पर होती हैं।

(ख) बिल, कालों की कुल संख्या (स्थानीय तथा एस.टी.डी. काल) के लिए जारी किए जाते हैं। शिकायतों की कुल संख्या जारी किए गए कुल बिलों की संख्या के 1 प्रतिशत से कम है।

(ग) आमतौर पर शिकायतें अधिक मीटरिंग से संबंधित होती हैं। कुछ शिकायतें कालों में बाधा उत्पन्न होने, दूरी के आधार पर प्रभारण आदि के संबंध में भी होती हैं। टेलीफोन बिलों की परिशुद्धता के लिए विभाग द्वारा पर्याप्त ध्यान रखा जा रहा है। लिपिकीय गलतियों तथा तकनीकी खराबी के कारण हुई गलतियों का पता लगने पर उनको ठीक कर दिया जाता है। मीटर रीडिंग के दौरान मीटर तेज चलने का पता लगने पर उस लाइन पर निगरानी रखी जाती है।

Theft of parcels fdom G.P.O. Jaipur

857. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the thefts of parcels containing precious stones and foreign currency worth several crores of Rupees from the foreign counter of G.P.O., Jaipur, if so, what are the details in this regard; and

(b) whether the mystary has been unravelled?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) A theft of approximately 365 postal articles from Foreign Post, Jaipur GPO on the night of 17th/18th January, 1993 has been reported. While the liability of the Department of Posts, based on the insurance value/customs declaration is estimated to be in the range of Rs. 55-60 thousand, the local Customs authorities have estimated the value of the contants as about Rs. 92 lakhs.

(b) Investigations by the Department as well as by the Police have been taken up.

India's foreign exchange reserves

858. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI MUHTMMAD MASOOD KHAN:
SHRI SARADA MOHANTY:
SHRI CHIMANBHAI MEHTA:
SHRI SOM PAL:
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI N. E. BALARAM:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what is India's foreign exchange reserves as at the end of November, December, 1992 and January, 1993;

(b) what is the percentage increase in Forex reserves registered during the period from January 1992 to January, 1993; and

(c) the steps taken to build up Forex reserves during the period and what is the contribution towards increase in reserves made, item-wise, by virtue of each measure?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) The foreign exchange reserves (excluding Gold and Special Drawing Rights) at the end of November, December, 1992 and January, 1993 were Rs. 12,586 crores, Rs. 14,297 crores and Rs. 13,688 crores respectively.

(b) The percentage increase in foreign exchange reserves during the period January, 1992 to January, 1993 was 40.16 per cent.

(c) The steps initiated to build up foreign exchange reserves include effective implementation of the new system of Liberalised Exchange Rate Management, Liberalised Trade Policy regime, increased capital inflows both from bilateral and multilateral sources consistent with financial prudence and attracting